F.No.A-32013/5/2014-Ad.I(i)
Government of India
Ministry of Finance
Department of Expenditure
*****

North Block,
New Delhi, the 12th January, 2015.

# CIRCULAR

Subject: Filling up of the post of Chief Adviser (Cost) in the Department of Expenditure, Ministry of Finance, Government of India.

One post of Chief Adviser (Cost) in the Department of Expenditure, Ministry of Finance, Government of India in the scale of pay of Rs. 80,000/- (fixed) is proposed to be filled up by promotion/deputation from the Officers under the Central Government/State Government/Union Territories:-

(a) (i) holding analogous post on regular basis in the parent Cadre/ Department; or
(ii) with one year regular service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the HAG+ Scale {Rs.75500-(annual increment @3%)- Rs.80000}, Grade Pay-Nil or equivalent in the parent Cadre/Department.

and

(b) possessing the following educational qualifications and experience:-
(i) Member of the Institute of Chartered Accountants of India or of the Institute of Cost and Works Accountants of India, or equivalent; and
(ii) 20 years' experience in Cost Accounting.

2. The Departmental Additional Chief Adviser (Cost) in the scale HAG+ of Rs.75500-(annual increment @3%)-80000, Grade Pay-Nil with one year regular service in the grade will also be considered along with outsiders and in case he/she is selected for appointment to the post, the same shall be deemed to have been filled by promotion.

3. The period of deputation including the period of deputation in the same or some other organization of the Central Government shall not ordinarily exceed three years. The pay of the candidate selected for appointment on deputation will be regulated in accordance with the provisions contained in the Department of Personnel and Training's O.M.2/29/91-Estt(Pay-II) dated 05.01.1994 as amended from time to time.

4. The applications of eligible candidates in the **prescribed proforma** may be forwarded in duplicate to the Under Secretary (Admin), Ministry of Finance, Department of Expenditure, North Block, New Delhi – 110001 within 60 days from the date of publication of this circular in the Employment News, along with the following documents.

(a) ACRs/APARs for the last 5 years or photocopy of the same duly attested by an officer not below the rank of Under Secretary.
(b) Integrity Certificate
(c) Vigilance Clearance Certificate
(d) Cadre clearance
(e) Statement showing major/minor penalties, if any, imposed during the last 10 years.

Yours faithfully,

(Ziley Singh Vical)
Under Secretary to the Government of India
Tel No. 011-23095695

To
(i) All Ministries/Departments of Central Governments.
(ii) Chief Secretaries/Chief Administrative Officers of All State Governments/Union Territories.

NIC, D/o Per & Trg

## PROFORMA

APPLICATION FOR THE POST OF CHIEF ADVISER (COST)
IN THE ICoAS ON DEPUTATION BASIS

1. Name and Address (in block letters) :
2. Date of Birth (in Christian era) :
3. Date of retirement:
4. Educational Qualifications:
5. Whether educational and other qualifications/experience required for the post are satisfied:

| Sr.No. | Qualifications/Experience required | Qualifications/Experience possessed by the candidate |
|---|---|---|
| | | |

6. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirements of the post:
7. Details of employment, in chronological order:

| Office/ Organisation | Post held | From To | Scale of pay and Basic pay | Nature of Duties |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. Nature of present employment i.e. ad-hoc or temporary or permanent:
9. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state-

   (a) The date of initial appointment
   (b) Period of appointment on deputation/contract
   (c) Name of the parent office/organisation to which you belong.

10. Additional details about present employment:
    Please state whether working under -
    (a) Central Government
    (b) State Government
    (c) Autonomous Organization
    (d) Government Undertakings
    (e) Universities

11. Are you in revised scale of pay. If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale.
12. Total emoluments per month now drawn:
13. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post.
14. Whether belong to SC/ST:
15. Remarks:

**Declaration**

I do hereby declare that the particulars furnished by me above are correct to the best of my knowledge and belief.

Date:

Signature of the candidate

Place:

**To be Certified by the Cadre Controlling Authority/Employer**

Certified that the particulars furnished by the official are correct as per the records held in this office and no disciplinary /vigilance case is pending or contemplated against the official.

Name, Signature and Seal of the
Employer/Cadre Controlling Authority

Date:

**फा. सं. ए-32013/5/2014-एड.I(i)**

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

नॉर्थ ब्लॉक,

नई दिल्ली, 12, जनवरी, 2015

**परिपत्र**

**विषय: भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में मुख्य सलाहकार (लागत) के पद का भरा जाना।**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में 80,000/- रुपए (नियत) के वेतनमान में मुख्य सलाहकार (लागत) के एक पद को केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों के ऐसे अधिकारियों से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने का प्रस्ताव है जो:-

(क)(i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारक हैं; अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में एच.ए.जी.+ वेतनमान {75500 रुपए - (3 प्रतिशत की दर से वार्षिक वेतन वृद्धि)-80000 रुपए}, ग्रेड वेतन- शून्य अथवा समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात इस ग्रेड में एक वर्ष की नियमित सेवा की हो;

और

(ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों:

(i) इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया अथवा इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य अथवा समतुल्य; और

(ii) लागत लेखांकन में 20 वर्ष का अनुभव।

2. बाहरी उम्मीदवारों के साथ एच.ए.जी.+ वेतनमान {75500 रुपए - (3 प्रतिशत की दर से वार्षिक वेतन वृद्धि)-80000 रुपए}, ग्रेड वेतन- शून्य में ग्रेड में एक वर्ष की नियमित सेवा वाले विभागीय अपर मुख्य सलाहकार (लागत) पर भी विचार किया जाएगा और यदि पद पर नियुक्ति हेतु उनका चयन होता है, तो इसे पदोन्नति द्वारा भरा हुआ माना जाएगा।

3. केन्द्र सरकार के इसी अथवा किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवार के वेतन का विनियमन, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथा-संशोधित दिनांक 05.01.1994 के का.ज्ञा. सं. 2/29/91-इस्टे.(पे-II) में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

4. योग्य उम्मीदवारों के आवेदन **निर्धारित प्रपत्र** में दो प्रतियों में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ, रोजगार समाचार में इस पत्र के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के अंदर अवर सचिव (प्रशा.), वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001 को अग्रेषित कर दिए जाएं।

(क) पिछले पाँच वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट अथवा उनकी फोटोकॉपी जो कम से कम अवर सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित हो।

(ख) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(ग) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र।

(घ) संवर्ग अनापत्ति।

(ङ) पिछले 10 वर्ष के दौरान लगायी गई बड़ी/छोटी शास्तियां, यदि कोई हो, दर्शाने वाला विवरण।

जिले सिंह विकल

**(जिले सिंह विकल)**
अवर सचिव, भारत सरकार
☎ 011-2309 5695

**सेवा में,**

1. केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी।

## प्रोफार्मा

**भारतीय लागत लेखा सेवा में प्रतिनियुक्ति के आधार पर**
**मुख्य सलाहकार (लागत) के पद हेतु आवेदन**

1. नाम और पता (साफ अक्षरों में) :

2. जन्मतिथि (ईसवी सन् में) :

3. सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षिक अर्हताएं :

5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं/अनुभव पूरे हैं:

| क्र.सं. | अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | उम्मीदवार की अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|---|
| | | |

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं:

7. काल-क्रमानुसार नियुक्ति का ब्यौरा:

| **कार्यालय/संगठन** | **धारित पद** | **से...... तक** | **वेतनमान और मूल वेतन** | **सेवाओं का स्वरूप** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा स्थायी:

9. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है तो कृपया बताएं:

   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख :

   (ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

   (ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं :

10. वर्तमान नियुक्ति का अतिरिक्त ब्यौरा :

कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्यरत हैं:-

(क) केन्द्र सरकार

(ख) राज्य सरकार

(ग) स्वायत्त संगठन

(घ) सरकारी उपक्रम

(ङ) विश्वविद्यालय

11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जिससे आपका वेतनमान संशोधित हुआ तथा पूर्व संशोधित वेतनमान भी बताएं:

12. इस समय आहरित प्रतिमाह कुल परिलब्धियां:

13. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं:

14. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से हैं:

15. टिप्पणीः

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है।

तारीखः
स्थानः

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी/नियोक्ता द्वारा प्रमाणित किया जाए**

प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दिया गया विवरण इस कार्यालय में उपलब्ध रिकार्डों के अनुसार सही है और अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक/सतर्कता संबंधी कोई मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है।

**नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी**
**का नाम, हस्ताक्षर और मुहर**

तारीखः